## एक नजर

### शाहिद ने वेस्ट मटेरियल से बनाए कई मॉडल



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद रफीक उर्फ (गुब्बा हाजी) के 17 वर्षीय पुत्र शाहिद ने कंबाइन, ट्रैक्टर, ट्रक, रोटावेटर,बुलेट आदि के मॉडल बनाए। शाहिद ने बताया कि वह कक्षा 11 में पढ़ रहा है। वह मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहता है। यह सब मॉडल घर के ख़राब मटेरियल से बनाएं हैं। जिसमें करीब पांच साल लगे। 200 से अधिक मॉडल अपने हाथ से बनाकर के अपने परिचितों को फ्री में दे चुके है। शाहिद अपने परिवार के साथ पंजाब में खेती किसानी करते वक्त ये मॉडल तैयार करते हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है।

### श्रृंगार आरती दर्शन महोत्सव संपन्न

**बीसलपुर, अमृत विचार :** प्राचीन बाबा मठिया नाथ मंदिर में श्रृंगार आरती दर्शन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। फूलों से भगवान शिव के प्राचीन शिवलिंग का श्रृंगार किया गया। पूरे मंदिर की भव्य सजावट की गई। विधिविधान से पूजन किया गया। आरती व भोग के बाद मंदिर प्रबंधक केशव किशोर गुप्ता ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### बीसलपुर के प्रिंस बने फ्लाइंग ऑफिसर



**बीसलपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम गोबल पतिपुरा के रहने वाले प्रिंस गंगवार का चयन इंडियन एयर फोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर पर पर हुआ है। उन्होंने कक्षा एक से कक्षा पांच तक की पढ़ाई गांव के प्राथमिक विद्यालय से की थी। इसके बाद आर्मी विद्यालय दिल्ली से स्नातक तक शिक्षा ग्रहण की। बीटेक दिल्ली के इंजीनियरिंग कॉलेज से किया। बीटेक करने के बाद कई मल्टीनेशनल कंपनियों ने 25 से 30 लाख तक का ऑफर दिया लेकिन उनका सपना आर्म्ड फोर्स में ऑफिसर बनने का रहा। इन्होंने आर्मी ऑफिसर और एयरफोर्स दोनों की परीक्षा पास की। मगर, सपना एयरफोर्स में जाने का था, जोकि साकार हो गया। छात्र प्रिंस ने एयर फोर्स की एएफएसवी ऑल इंडिया की परीक्षा में नौवीं मेरिट के स्थान पर रहने का गौरव हासिल किया है। इसे लेकर परिवार में खुशी है। प्रिंस के पिता महेश गंगवार सेना में सूबेदार मेजर हैं। बड़ा भाई भी मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर है।

# ई-टॉयलेट बना दिखावे की मीनार अब नया शौचालय बनाने की तैयारी

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत गन्ना तिराहा पर ही होगा शौचालय निर्माण का काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गन्ना तिराहा पर नगर पालिका द्वारा आठ साल पहले बनवाया गया ई-टॉयलेट अब शो-पीस बनकर रह गया है। एक रुपये का सिक्का डालने पर स्वतः खुलने वाले इस टॉयलेट में तकनीकी खराबी आने के बाद उसे कभी दुरुस्त नहीं कराया गया। अब उसी स्थान पर नया सामुदायिक शौचालय बनाए जाने की योजना तैयार की गई है।

टनकपुर हाईवे से सटे गौहनिया चौराहा और आसपास का क्षेत्र शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल है। सरकारी और निजी अस्पतालों के अलावा आवागमन भी दिन-रात बना रहता है। ऐसे में स्वच्छता के लिहाज से यहां सार्वजनिक शौचालय जरूरी था। यहां करीब दस लाख रुपये की लागत से बनाया गया ई-टॉयलेट कुछ ही दिन चला, फिर उसके सेंसर और गेट में खराबी आ गई। सालों पहले इसकी मशीन में तकनीकी कमी आई और से बंद हो गया तब से इसको ठीक कराने की किसी ने सुध ही नहीं ली है। आलम यह है कि वह धूल और कचरे से पट चुका है। फिर उसके सेंसर और गेट में खराबी आ गई। बरेली से टेक्नीशियन बुलाने की कोशिश भी की गई, लेकिन सुधार नहीं हो सका।

अब नगरपालिका यहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत सात सीट वाला सामुदायिक शौचालय बनवाने जा रही है, जिसमें दो ई-टॉयलेट सीटों को भी शामिल किया जाएगा। यदि ई-टॉयलेट का सेंसर दुरुस्त नहीं हुआ तो उसे मैन्युअल प्रणाली से चलाया जाएगा। इंजीनियरों की मदद से प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। नए सामुदायिक शौचालय के अलावा 10 लाख रुपये की लागत से बने ई-टॉयलेट के गेट को भी ठीक कराने की बात कही जा रही है।



गन्ना तिराहा पर बना ई- टॉयलेट सालों से बंद। ● अमृत विचार

### निगरानी और सफाई के लिए ठेका

शौचालय के निर्माण के बाद उसकी सफाई और देखरेख निजी एजेंसी के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए खुली बोली की जाएगी। नगर पालिका का कहना है कि इससे न केवल शौचालय की व्यवस्था बनी रहेगी, बल्कि पालिका को आय का स्रोत भी मिलेगा।

"गन्ना तिराहा पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत नया सामुदायिक शौचालय बनाया जाएगा। साथ ही पुराने ई-टॉयलेट को भी दुरुस्त करने की योजना है, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता की बेहतर सुविधा दी जा सके।" -डॉ. **आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद पीलीभीत

महिला और पुरुष का अलग-अलग शौचालय बनाया जाएगा। यह सात सीटर शौचालय होगा। इसमें दो ई-टॉयलेट वाले शामिल है।

# प्रतियोगिता में गुड्डी और सृष्टि ने जीत दर्ज की

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 15 जून से 21 जून के मध्य योग सप्ताह मनाया गया। योग सप्ताह में जिलेभर के स्कूलों के बच्चों के बीच ऑनलाइन प्रतियोगिताएं कराई गई।

योगकला योगासन स्लोगन निबंध प्रतियोगिता में पूरनपुर ब्लाक के खासपुर पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय की गुड्डी देवी और सृष्टि यादव ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अब दोनों बालिकाओं को राज्य स्तरीय ऑनलाइन योग प्रतियोगिता के परिणाम की प्रतीक्षा है। प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण ने बताया कि बालिकाओं का प्रदर्शन तो बेहतर रहा। दोनों छात्राएं मेधावी है। योग सप्ताह के दौरान एसएमसी अध्यक्ष राम प्रसाद ग्राम प्रधान सुंदरलाल के साथ-साथ ग्राम वासियों का भी सहयोग रहा। अनुदेशक विनोद कुमार, सहायक अध्यापक पूनम रावत, शिक्षा मित्र मिथिलेश, बिंद्रा देवी आदि मौजूद रहे।

# दूसरे गुट ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप उठाए सवाल


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **एक नाम से संचालित दो संगठनों के गुटों में मची रार**

**अमृत विचार:** एक दिन पूर्व अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मेलन करने के लिए पीलीभीत आए थे। इसके दूसरे ही दिन मंगलवार को दूसरे गुट के इसी नाम से संगठन चला रहे तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें कहा कि अखिल भारत हिंदू महासभा का कोई भी राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं है। जिसका विवाद 2006 से चल रहा है। योगेंद्र वर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य द्वारा प्रदेश महामंत्री पद पर अरविंद सिंह यादव को नियुक्त किया गया। प्रदेश महामंत्री के द्वारा 31 मई को संगठन का कार्यकर्ता सम्मेलन लक्ष्मी टॉकीज में कराया जाना था। मगर दूसरे ग्रुप के द्वारा फर्जी संगठन का आरोप लगाया गया और प्रशासन ने कार्यक्रम नहीं होने दिया था। प्रशासन ने बैनर भी लक्ष्मी टॉकीज से उतरवा दिए थे। 23 जून को उर्मिल बरात घर में हुए कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाए कि आखिर प्रशासन ने ये कार्यक्रम क्यों करने दिया गया।

# पौटाखुर्द के शिविर में दी योजनाओं की जानकारी


शिविर में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **बैंक में चल रही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा,कन्या सुमंगला सहित तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई**

**अमृत विचार:** क्रिसिल फाउंडेशन की ओर से ग्राम पौटाखुर्द में मंगलवार को शिविर आयोजित किया गया। कृषि विभाग से आए प्रेमपाल, सुरेश सिंह, ग्राम प्रधान रामबेटी का सहयोग रहा।

बैंक में चल रही योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, बचत खाता, नामांकित व्यक्ति, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, पासबुक एंट्री करने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। प्रशिक्षण का संचालन सीएफएल के केंद्र प्रबंधक संजीव कुमार ने किया।

प्रतिभाग करने आए नेहा वर्मा, चंपा देवी, ओमवती, रेशमा देवी, राम कुमारी, कलावती, प्रेम शंकर, राममूर्ति, भूपराम, प्रधान पति संतराम आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर मारपीट मामले में नौ लोगों पर रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** ग्राम अहिरपुरा नगला में पुरानी रंजिश के चलते ग्रामीण के घर में घुसकर मारपीट की गई। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव के ही जोगेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कि गांव के ही सर्वेश, रामपाल, सोमपाल, बटेश्वर,रीतराम, बृजेश, सुदेश, प्रेमपाल और बाबूराम ने घर में घुसकर गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर मारपीट की गई। शोर पर बीच बचाव कराने आई बहन नीलम, बहनोई जितेंद्र, भाई सर्वेश और भान्जी नेहा को पीटा। हमलावर इतने उत्तेजित थे कि वह सामने आने वाले किसी व्यक्ति को कुछ समझ नहीं रहे थे। महिलाओं को भी उन्होंने निशाना बनाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अपात्रों को शौचालय आवंटन: एडीओ से होगी वसूली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **डीएम ने फिरसाह चुर्राह के ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार किए बहाल**
● **तत्कालीन सचिव के वेतन से भी दुरुपयोगित धनराशि वसूलने के निर्देश**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत फिरसाह चुर्राह में अपात्रों को शौचालय आवंटन किए जाने के मामले में हुई अंतिम जांच के बाद अब डीपीआरओ कार्यालय में अटैच चल रहे एडीओ पंचायत और तत्कालीन सचिव के वेतन से गबन की रकम वसूली जाएगी। वहीं डीएम ने चार माह से अधिक समय से सीज चल ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार चेतावनी के साथ बहाल कर दिए। डीएम ने दोषी पाए गए एडीओ और तत्कालीन पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी आदेश दिए हैं।

मामला बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत फिरसाह चुर्राह का है। गांव निवासी संतोष कुमार ने वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2018-19 में आवंटित शौचालय को वर्तमान में उन्हीं लाभार्थियों को दोबारा धनराशि आवंटित करने आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। तत्कालीन डीएम के निर्देश पर डीडीओ ने मामले की जांच की तो जांच में बड़े पैमाने में नियम विरुद्ध तरीके से शौचालयों का आवंटन पाते हुए बड़ी धनराशि का दुरुपयोग पाया गया। डीडीओ ने ग्राम प्रधान, तत्कालीन पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत आदि को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए प्रारंभिक जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी थी। जांच में दोषी पाए गए ग्राम प्रधान महेश कुमार, एडीओ पंचायत हरीश चंद्र भारतीय, तत्कालीन सचिव केपी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। सभी ने अपने जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए थे।

जिस पर तत्कालीन डीएम संजय कुमार सिंह ने 06 लाभार्थियों को दोबारा शौचालय आवंटन कर सरकारी धन की गबन के मामले में 07 फरवरी को ग्राम प्रधान महेश कुमार के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी थी। प्रकरण की अंतिम जांच के लिए दो सदस्यीय जांच कमेटी भी गठित कर दी है। जांच टीम में शामिल उप निदेशक कृषि एवं लघु सिंचाई के सहायक अभियंता रोहित कुमार भट्ट को जांच कर आख्या रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे।

### प्रधान ने गबन की रकम की जमा, बहाल हुए अधिकार

प्रकरण की अंतिम जांच भी पूरी की ली गई। अंतिम जांच में ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, तत्कालीन सचिव केपी सिंह और डीपीआरओ कार्यालय में सम्बद्ध चल रहे एडीओ पंचायत हरीश चंद्र भारतीय को 72 हजार रुपये गबन का दोषी पाया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जांच में दोषी पाए गए सभी से 24-24 हजार रुपये की रिकवरी करने के आदेश दिए। ग्राम प्रधान ने अपने हिस्से की धनराशि एसएसबीएम के खाते में जमा कर दी। इधर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने नामित तीन सदस्यीय समिति को निरस्त करते हुए ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार चेतावनी के साथ बहाल कर दिए। साथ ही उन्होंने डीपीआरओ को दोषी तत्कालीन सचिव केपी सिंह और एडीओ पंचायत हरीश चंद्र भारतीय से 24-24 हजार रुपये की रिकवरी उनके वेतन से करने के आदेश दिए हैं। साथ ही उन्होंने तत्कालीन सचिव और एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्ट दिए जाने के भी निर्देश दिए हैं। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा फिरसाह चुर्राह के ग्राम प्रधान के अधिकारों पर लगी रोक हटा ली गई है। तत्कालीन सचिव और एडीओ पंचायत पर भी निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# सीमापार कैसीनो में जा रहे युवा,सख्ती जरूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


डीएम कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे हिंदू महासभा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **हिंदू महासभा ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा**
● **सावन माह से पूर्व कांवड़ यात्रा के रुट पर अव्यवस्थाएं दूर करने की भी मांग**

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा से सटे जिले के युवाओं के भविष्य पर संकट का हवाला देते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें सीमापार नेपाल में चल रहे कैसीनो में बड़ी संख्या में युवाओं के जाने पर सख्ती करने की मांग की है। वहीं, सावन माह को देखते हुए कांवड़ यात्रा के मार्ग पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का आग्रह किया गया है।

ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ समय से सीमावर्ती इलाके के युवा बड़ी संख्या में रोज़ाना नेपाल की ओर रुख कर रहे हैं। ये युवा नेपाल में स्थित कैसिनो में न केवल जुएं और सट्टेबाजी में अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं, बल्कि नशे, मादक पदार्थों और आपराधिक प्रवृत्तियों के दलदल में फंसते जा रहे हैं। जिले के कई युवाओं के परिवारों ने स्वयं संगठन के सामने यह चिंता व्यक्त की है। बताया है कि उनके बेटे कैसीनो में लाखों गंवा चुके हैं और अब कर्ज के जाल में उलझे हैं। इन कैसीनों में प्रवेश के लिए भारतीय आधार कार्ड का प्रयोग कराया जाता है, जबकि नेपाल के अपने नागरिकों को इसमें प्रवेश की अनुमति नहीं होती। इस पर सख्ती कराने की मांग की।

ये भी बताया कि सावन माह नजदीक है। पवित्र बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर स्थिति अत्यंत बदहाल है। कई जगह सड़कें टूट चुकी हैं। आयुर्वेदिक कॉलेज से गौरीशंकर मंदिर तक का मार्ग श्रद्धालुओं के आने-जाने का मुख्य रास्ता है, जो कि वर्तमान में निर्माणाधीन है। अगर सावन शुरू होने से पूर्व यह मार्ग तैयार नहीं हुआ, तो श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ सकती है। मांग की गई है कि बिजली के खुले खंभों को पन्नी, लकड़ी या फाइबर से सुरक्षित किया जाए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, प्रेम सागर शर्मा, जितेंद्र मौर्य, अर्जुन ठाकुर, लखन प्रताप सिंह, बिन्दु सिंह, आरती देवी, सपना कश्यप, पूजा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** बरेली जनपद के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम पुरनापुर निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भतीजा ग्राम पुरनापुर निवासी अमित कुमार पुत्र बेचेलाल ड्राइवरी करता था। 19 जून को सरिया लदी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर बीसलपुर जा रहा था। वह दुकान पर सरिया उतारने के बाद रात साढ़े आठ बजे वापस जा रहा था। वह ट्रैक्टर लेकर जैसे ही जसौली दिवाली गांव के पास पहुंचा तो ग्राम जसौली में एक दुकान के सामने ट्रैक्टर रोक दिया। इसके बाद वह दुकान से गुटका लेने चला गया। वह गुटखा लेकर लौट रहा था। इसी समय सामने से अनियंत्रित रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में अमित की मौत हो गई।पुलिस अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# युवा पीढ़ी के लिए आदत बनता जा रहा नशा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **नशीली दवा के दुरुपयोग व व्यापार पर हुई प्रतियोगिता**
● **रशिका भारती और अंजलि ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**अमृत विचार:** समाधान विकास समिति के तत्वावधान में स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीएलएड के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अनैतिक व्यापार विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जिसमें राशिका भारती और अंजलि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद इल्यास ने बताया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अनैतिक व्यापार दोनों ही राष्ट्र की युवा शक्ति को गलत मार्ग पर ले जा रहे हैं। इन पर नियंत्रण करना होगा। लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना है, साथ ही अवैध दवा व्यापार के जोखिम के बारे में भी बताना है। शराब, ड्रग्स,गांजा और हीरोइन जैसे कई नशे आजकल लोगों की आदत बन गए हैं।

हो सकता है हम उनके प्रयोग से कुछ समय के लिए अच्छा महसूस करें लेकिन इनकी लत कई तरीके की परेशानियों का शिकार बन सकती है। युवा और बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। ड्रग्स की अवैध तस्करी के मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसे में इस पर शिकंजा कसने के लिए खुद को जागरूक करने पर जोर दिया।

# डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को रखा सर्वोपरि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा का स्वागत करतीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

● **भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस**

**अमृत विचार:** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भारतीय जनता पार्टी ने मनाया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा अनावा रहे। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने अध्यक्षता और संचालन जिला महामंत्री दिनेश पटेल ने किया।

मंच पर पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल,नगर पंचायत बरखेड़ा अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार,जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मिश्रा रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षाविद्,चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.मुखर्जी ने निरंतर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्रनीति को ऊपर रखा। राष्ट्र के उत्थान के लिए संगठन को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा था कि एक देश एक कानून की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। कहा कि भले आज वह हमारे बीच नहीं है लेकिन बदलती कश्मीर की तस्वीर से उनको सच्ची श्रद्धांजलि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने दी है। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,सुषमा रानी, जिला मंत्री आयुष मिश्रा,अनुराग अग्निहोत्री सुमित गंगवार,धर्मेंद्र लोधी,चेतन शर्मा, डालचंद वर्मा,महेश वर्मा.सतनाम सिंह,विकास बाल्मीकि, सत्यपाल वर्मा,शशि वाला कटियार,सुमित सागर,अनीता कश्यप, स्वतंत्र देवल आदि मौजूद रहे।




## शहर में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- साईं मंदिर नकटादाना चौराहा पर कांकड़ आरती, हवन और फिर महाभिषेक सुबह 07 बजे से।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5 .30 बजे।
- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संवाद दोपहर 12 बजे

## एक नजर

### दंपति को हमला कर किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम अमरा करोड़ निवासी गेंदनलाल ने बताया कि उसके घर में कूड़े से भरी हुई थैली रखी हुई थी। जिसे बंदर उठा ले गया और उसने पड़ोसी के घर के पास थैली को फेंक दिया। पड़ोसी महेंद्र कुमार, अंकित, वेदवती ने आकर हमला कर दिया। मारपीट की गई। बचाने पहुंची पत्नी नन्ही देवी को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही हे।

### झोले में रखे 25 हजार चोरी, दी तहरीर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पहाड़गंज के रहने वाले छोटे सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकालने आए थे। बैंक से 25 हजार रुपये निकाले और झोले में रख लिए और उसे साइकिल के हैंडल पर टांग लिया। गांव जाते वक्त मुख्य बाजार के पास पान की दुकान से छाली व अन्य सामान खरीदने लगे। इसी बीच कोई साइकिल पर टंगा झोला चोरी कर ले गया। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह उत्तराखंड में धान की रोपाई करने गए थे। घर पर उसकी पत्नी व पुत्री थी। आरोप है कि उसकी गैर मौजूदगी में 16 वर्षीय पुत्री को गांव निवासी अजय कुमार बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव रमपुरा नत्थू निवासी आरती देवी पत्नी प्रवेश कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़िता ने बताया कि उसके पति घर से नौ मई को दोपहर करीब 12 बजे बाइक से ईट भट्टे पर गांव पैनिया रामकिशन जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार जिसे गांव पैनियाराम किशन का अनिल कुमार चला रहा था। उसने पति की बाइक में टक्कर मार दी। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर फैसला करा दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट की है।

### नाली के विवाद में, रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम निजामडांडी निवासी शंकरलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके गांव के ही सोनू पुत्र नत्थूलाल उसके घर की नाली का पानी नहीं निकलने दे रहे थे। 22 जून को सुबह उसने शौचालय हटाने को कहा तो सोनू ने हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# टेंडर का खेल: जांच पूरी, जिम्मेदारों को बचाया

## नगर पंचायतः अधिशासी अधिकारी की तरह जिम्मेदारों ने भी फर्म के अभिलेखों का नहीं कराया सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 56.77 लाख से होनी है सोलर वेस्ड वाटर कूलर की स्थापना

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कलीनगर में टेंडर प्रक्रिया में खेल का मामला सुर्खियां बना तो फजीहत को देखते हुए जांच बैठाई गई। राज्यसभा सांसद की शिकायत पर कराई गई जांच में भी जिम्मेदारों को बचाने का काम कर दिया है।

निविदाएं निरस्त करने तक जांच आख्या सीमित रह गई है। जबकि एक फर्म के कूटरचित अभिलेख होने की बात भी खुलकर राज्यसभा सांसद के पत्र में लिखी हुई थी। मगर इस पर कोई सत्यापन नहीं कराया है। इतना जरूर जिस प्रमाण पत्र के फर्जी होने का आरोप लगाया गया था, उसे जांच आख्या में ये कहकर क्लीन चिट दी गई कि उस प्रमाण पत्र को अपलोड ही नहीं किया गया था। फिलहाल जांच बैठाए जाने के बाद लगाए जा रहे कयास सही साबित हुए हैं।

नगर पंचायत कलीनगर में स्वच्छ पेयजल योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर सोलर वेस्ड वाटर कूलर की स्थापना कराई जानी है। ये काम 56.77 लाख रुपये से होना है। इसके लिए 21 मई 2025 को ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें चार फर्म एम-एम कंस्ट्रक्शन, पवन इंटरप्राइजेज, आरवीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स, जीवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स ने विड डाली थी। पहले जीवी कंस्ट्रक्शन की विड अस्वीकृत की गई और फिर धांधली के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई तो आनन-फानन में पांच जून को अन्य तीनों फर्म की विड भी अस्वीकृत कर दी गई थी। इस पूरे खेल को लेकर फर्जी अभिलेखों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगा था।

राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया की शिकायत पर जांच कराई गई। कई दिनों तक टालमटोल चलती रही और अभिलेख ही नहीं मुहैया हो सके। फिर 24 घंटे में ही इस जांच को पूरा कर दिया गया है। आरोप था



नगर पंचायत कलीनगर का भवन।

> नगर पंचायत कलीनगर से जुड़ी एक जांच प्राप्त हुई थी। इस संबंध में तकनीकी जांच के संबंध में अवर अभियंता सिविल नगर पालिका से जांच कराकर आख्या प्राप्त की गई। निविदाएं निरस्त की जा चुकी हैं। इसकी आख्या तैयार करके एडीएम वित्त एवं राजस्व को भेज दी गई है। **-आशुतोष गुप्ता**, एसडीएम सदर।

कि एमएम कंस्ट्रक्शन का श्रम विभाग से जुड़ा पंजीयन प्रमाण पत्र कूटरचित है, जिसका नंबर बरेली की एक अन्य फर्म के नाम पर पोर्टल पर दर्शा रहा है। राज्यसभा सांसद ने भी इस बिंदु को अपने पत्र में शामिल करते हुए जांच कराकर विधिक कार्रवाई का आग्रह किया था। पहले ईओ कलीनगर ने ने कूटरचित अभिलेखों के इस्तेमाल के आरोप लगने के बाद सत्यापन नहीं कराया था। उसी तरह से अब एसडीएम की ओर से दी गई जांच आख्या में भी इस इस बिंदु पर कोई खास पड़ताल नहीं की गई है।

### हर फर्म की वही कमियां दिखाई, जिनको निविदा निरस्त करते वक्त बताया

एसडीएम की ओर से भेजी गई जांच आख्या में चारों फर्मों की ओर से बरती गई कमियों को बयां किया गया है। जांच आख्या के अनुसार एमएम कंस्ट्रक्शन द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र किसी भी विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया, जोकि वांछनीय नहीं था। श्रम विभाग का पंजीकरण का प्रमाण पत्रद अपलोड नहीं किया गया जोकि बाद में कार्यालय में जमा किया जा सकता था। पवन इंटर प्राइजेज ने अनुभव प्रमाण पत्र किसी भी विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया, साथ ही शर्तों का पालन नहीं किया गया। आरबीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स और जीबी कंस्ट्रक्शन द्वारा भी शर्तों का पालन ना करने की बात जांच में कही गई है। हालांकि ये कोई नई बात नहीं रही। निविदा निरस्त करने के दौरान कलीनगर नगर पंचायत के जिम्मेदारों की ओर से यही हवाला दिया गया था। ऐसे में साफ है कि नगर पंचायत की खींची लकीर पर ही जिला स्तर पर शुरू कराई गई जांच सिमट गई।

### पालिका जेई की भेजी आख्या पर ही बना दी गई पूरी रिपोर्ट

इस मामले में एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और नगरपालिका के अवर अभियंता सिविल को जांच दी थी। पहले तो कई दिनों तक जांच की शुरुआत नहीं हुई थी। इसके बाद अब तबादला आदेश जारी होने के बाद एसडीएम सदर ने जांच आख्या तैयार करके एडीएम को भेज दी है। मगर इसमें खास बात ये है कि ये पूरी जांच नगर पालिका के अवर अभियंता सिविल की ओर से भेजी गई आख्या पर ही आधारित रही है। इसमें टेंडर प्रक्रिया में समस्त चार फर्मों की विड अस्वीकार करने की कार्रवाई को सही बताया है। मगर, फर्म के कूटरचित अभिलेखों के इस्तेमाल से जुड़ी कोई जांच नहीं हुई है।

# केजीएमयू से फरार बंदी गिरफ्तार, बंदीरक्षक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- इलाज के दौरान हुआ था फरार गांव के पास से पकड़ा गया
- जेल अधीक्षक ने सौंपी जांच रिपोर्ट, विभागीय कार्रवाई शुरू

**अमृत विचार :** 13 दिन पहले जिला कारागार पीलीभीत से इलाज के लिए लखनऊ केजीएमयू भेजा गया एक बंदी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। इस मामले में जेल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लापरवाही बरतने वाले दो बंदीरक्षकों को निलंबित कर दिया है। वहीं, फरार बंदी को जेल पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह दोबारा से जेल भेजा गया है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बिथरा निवासी विचाराधीन बंदी बॉबी की तबीयत खराब होने पर उसे पहले जिला अस्पताल और फिर वहां से लखनऊ केजीएमयू के लिए रेफर किया गया था। अस्पताल में दो दिन भर्ती रहने के बाद 17 जून की सुबह वह पुलिसकर्मियों की निगरानी में रहते हुए भी मौका पाकर फरार हो गया। बंदी के फरार होने की जानकारी ड्यूटी पर तैनात बंदीरक्षक टिंकू और आमेन्द्र कुमार ने तुरंत जेल प्रशासन को दी। इस मामले में जेलर संजय राय की ओर से लखनऊ के चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। वहीं, जेल अधीक्षक राजेश पाण्डेय ने पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर डीआईजी जेल को भेजी। रिपोर्ट के आधार पर दोनों बंदीरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। इधर, फरार बंदी की तलाश में जेल प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त प्रयास करते हुए उसे उसके गांव के पास से पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुनः जिला कारागार में भेजा गया है। जेल अधीक्षक राजेश पाण्डेय ने बताया कि दोनों बंदीरक्षकों को निलंबित किया गया है और विभागीय जांच जारी है। इसके अलावा लखनऊ पुलिस को भी बंदी के दोबारा गिरफ्तारी की सूचना भेज दी गई है।

# बरखेड़ा में निकाली गई तिरंगा यात्रा


बरखेड़ा में निकाली गई यात्रा में शामिल कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

- कई जगह तिरंगा यात्रा का लोगों ने किया स्वागत
- भारत की एकता और हिंदू राष्ट्र बनाने पर दिया जोर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कस्बे में धूमधाम से तिरंगा रैली निकाली। कार्यकर्ता सिद्ध बाबा आश्रम पर एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष मनीष कश्यप की अगुवाई में यात्रा शुरू की गई। भारत की एकता और हिंदू राष्ट्र बनाने पर जोर दिया गया। तिरंगा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी। कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए चल रहे थे। इस मौके पर डॉ.दयाल विश्वास, गौरक्षा प्रमुख शिवओम भदौरिया, विधिओम चौहान, शेखर पांडेय, जिला मंत्री अनिल सिंह, जिला सचिव संजीव मौर्य आदि मौजूद रहे। बता दें कि यात्रा का कई जगह स्वागत किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। परिवार वालों ने बीमारी से मौत होने की बात कही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा की रहने वाली इसरत जहां (56) पत्नी तालिब का मंगलवार को घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर बाद अचानक इसरत जहां की हालत बिगड़ गई। इस पर महिला को ई रिक्शा से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मगर यहां से ले जाने से पहले ही सीएचसी में इशरत जहां की मौत हो गई। परिवार में हादसे के बाद चीख पुकार मची रही। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने बीमारी से महिला की मौत होने की जानकारी दी है।

# जेल में 25 बंदियों में टीबी के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला क्षय रोग केंद्र की टीम ने मंगलवार को जिला कारागार में चार दिवसीय निक्षय शिविर की शुरुआत की।

जिला जेल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश चंद्र के निर्देशन में शिविर में पहले दिन 88 पुरुष बंदियों की टीबी जांच के लिए स्क्रीनिंग की गई। इनमें से 25 बंदी संदिग्ध रोगी पाए गए, जिन्हें खांसी और बुखार की शिकायत थी। इन संदिग्ध मरीजों से बलगम के नमूने मौके पर ही एकत्र किए गए। जिला क्षय रोग केंद्र के एलटी राम नरेश सिंह द्वारा बलगम एकत्र कर जांच के लिए सीवी-नॉट मशीन पर लगाया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी बंदी में टीबी की पुष्टि होती है। तो जिला जेल परिसर में ही अगले दिन से उसका इलाज शुरू कर दिया


जिला कारागार में बंदियों की जांच करती जिला क्षय रोग अस्पताल की टीम।

- टीबी उन्मूलन को लेकर चार दिवसीय निक्षय शिविर शुरू
- 88 कैंदी बंदियों की हुई जांच 25 में मिले लक्षण, सैंपल भेजा

जाएगा। शिविर के दौरान जिला क्षय रोग केंद्र के वरिष्ठ पर्यवेक्षक राजेश कुमार गंगवार ने कैदियों को टीबी से बचाव, लक्षण और उपचार के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी को लगातार खांसी और बुखार की शिकायत हो, तो वह तुरंत बलगम जांच करवाएं क्योंकि यह टीबी के प्रारंभिक लक्षण हो सकते हैं। टीबी के मरीजों को सरकार की ओर से मुफ्त इलाज के साथ ही एक हजार प्रतिमाह पोषण भत्ता भी सीधे उनके खाते में भेजा जाता है।

जांच टीम के वरिष्ठ लैब सुपरवाइजर शेर सिंह चौहान ने बताया कि एक व्यक्ति को टीबी होने की स्थिति में वह पूरी बैरिक के अन्य बंदियों को भी संक्रमित कर सकता है। इसलिए उन्होंने बंदियों से अपील की कि खांसी आने पर मास्क या मुंह पर कपड़ा रखें और दूसरों से दूरी बनाकर रखें।

# श्मशान घाट पर सफाई व्यवस्था का सुधार हो

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला की अगुवाई में हुई। जिसमें श्मशान घाट पर फैली अव्यवस्था के सुधार पर जोर दिया गया। इस संबंध में डीएम को ज्ञापन दिया गया।

डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि श्मशान घाट पर सफाई व्यवस्था बदहाल है। जिससे लोगों को दिक्कत होती है। गर्मी के दिनों में शीतल जल की कोई व्यवस्था नहीं है। शव का दाह संस्कार करने के लिए जो पंखे इस्तेमाल में लिए जाते हैं। वह खराब पड़े हैं। उसे ठीक कराने के साथ ही दो अतिरिक्त पंखों की व्यवस्था कराने की मांग की गई। श्मशान घाट पर इन दिनों तमाम अव्यवस्थाएं हावी चल रही है। जिनको दूर कराया जाना चाहिए। इस मौके पर संरक्षक अमित


डीएम को दिया ज्ञापन दिखाते अधिवक्ता।

- समाजवादी अधिवक्ता सभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

पाठक एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार, केके पाल, राजीव यादव, शिशिर यादव, सौरभ पाठक, रोहिताश कुमार सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पति समेत तीन पर एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार:** अतिरिक्त दहेज में बुलेट बाइक और पांच लाख रुपये न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकालने का आरोप लगा है।पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी निवासी राम अवतार सिंह की पुत्री शिवानी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी रामपुर जिले के कैमरी थाना क्षेत्र के ग्राम जवाई निवासी अतिराज सिंह के पुत्र राजीव सिंह से एक मार्च 2017 को हुई थी। पति राजीव सिंह, जेठ नरेंद्र सिंह, जेठानी चंदा देवी, शिवानी सिंह अतिरिक्त दहेज में बाइक और पांच लाख रुपये की मांग की गई। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जनवरी 2024 में ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

# नए बाईपास से आवागमन जल्द शुरू होगा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- होने लगा पेड़ों का कटान, अन्य अधूरे काम भी जल्दू होंगे पूरे

**अमृत विचार:** शहर को जाम से निजात दिलाने को करोड़ों की लागत से बनाए गए नवनिर्मित पीलीभीत-टनकपुर बाईपास से जल्द आवागमन शुरू होने की उम्मीद जागी है। हालांकि बाईपास तो चार माह पूर्व ही बनकर तैयार हो चुका है, मगर कुछ पेड़ इसमें रुकावट बन हुए थे। इधर सामाजिक वानिकी प्रभाग से अनुमति मिलने के बाद रुकावट बने पेड़ों का कटान शुरू कर दिया गया है। जिम्मेदारों की मानें तो अभी और पेड़ काटे जाने हैं और रोड साइड के कार्य भी बाकी हैं। उम्मीद है कि अगले माह से नवनिर्मित बाईपास से आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।

शहर को जाम से मुक्त रखने के लिए टनकपुर हाईवे से असम हाईवे से जोड़ने के लिए 11 किलोमीटर लंबा बाईपास स्वीकृत किया था। करीब 114 करोड़ की लागत से बनने वाले बाईपास का निर्माण वर्ष 2016 में शुरू कराया गया था। बाईपास की सड़क भी बना दी गई। इस बाईपास में टनकपुर और मैलानी रेलखंड के दो ओवरब्रिज भी प्रस्तावित थे।

मगर, एनओसी न मिलने के कारण ओवरब्रिज निर्माण में खासी देरी हुई। करीब पांच माह पहले टनकपुर और मैलानी रेलखंड पर तमाम अड़चनों के बाद दोनों ओवर ब्रिज बनाकर तैयार कर दिए गए। यह बाईपास असम-बस्ती हाईवे पर असम चौराहे से पांच किमी पहले और पीलीभीत-टनकपुर हाईवे पर गांव मैदना के पास जोड़ा गया है। दोनों ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद इस नवनिर्मित बाईपास पर असम हाईवे की ओर से पीलीभीत-माधोटांडा रोड तक वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया, मगर दूसरे हिस्से में खड़े पेड़ नवनिर्मित बाईपास के संचालन में रुकावट बन गए। ऐसे में टनकपुर हाईवे की ओर से इस नवनिर्मित बाईपास को पत्थर लगाकर बंद कर दिया गया था।

इधर सामाजिक वानिकी प्रभाग से अनुमति मिलने के बाद बाईपास के संचालन में रुकावट बने पेड़ों का कटान शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के मुताबिक अभी कुछ अन्य पेड़ों का कटान होना बाकी है। नवनिर्मित बाईपास पर कुछ अन्य कार्य भी शेष बचे हैं। पेड़ों के कटान के साथ बचे कार्य भी जल्द पूरे करा लिए जाएंगें। उम्मीद है कि अगले माह नवनिर्मित बाईपास को चालू करा दिया जाएगा।

### बाईपास का संचालन कराने की मांग

शहर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने बीते दिनों एसडीएम सदर को पत्र सौंपकर 11 किमी लंबे नवनिर्मित बाईपास का संचालन कराने की मांग की थी। सौंपे गए पत्र में उन्होंने कहा कि बाईपास का निर्माण पूरा हो चुका है, मगर अभी तक इसे चालू नहीं किया गया है। नवनिर्मित बाईपास के संचालन से जहां टनकपुर हाईवे पर वाहनों का दबाव कम हो जाएगा, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इधर एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी को पत्र भेजकर सामाजिक कार्यकर्ता के पत्र पर नियमानुसार कार्रवाई कर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

> अनुमति मिलने के बाद पेड़ों का कटान शुरू किया गया है। अभी और पेड़ों का कटान होना और रोड से संबंधित कार्य होना बाकी है। जल्द ही सभी कार्य पूरे करा लिए जाएंगें। संभवता अगले माह बाईपास को चालू करा दिया जाएगा। **-राजेश चौधरी**, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड

**मानसून की दस्तक**

## नाले के अधूरे निर्माण से राहगीरों को भारी परेशानी, मानसून से पहले जलभराव की आशंका, दूसरे मार्गों से करना पड़ रहा सफर

# अभी कुछ दिन और कष्ट देगी रोडवेज जाने वाली सड़क, आवागमन बंद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर में मानसून की दस्तक से पहले अव्यवस्थाएं मुसीबत बन गई है। रोडवेज जाने वाली मुख्य सड़क पर नाला निर्माण कार्य में हो रही देरी राहगीरों के लिए भारी पड़ रही है। करीब सप्ताहभर से यह मार्ग पूरी तरह बंद है। नाला निर्माण कार्य अभी काफी बचा है। ऐसे में आगे कईदिन और ये मार्ग बंद रहेगा। राहगीरों को वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। व्यापारियों और यात्रियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, एकता सरोवर से रोडवेज डिपो की ओर जाने वाले मार्ग पर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। इस नाले का निर्माण अब तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन लापरवाही के चलते नाला निर्माण की गति सुस्त रही। बीते दिनों एडीएम ने निरीक्षण के दौरान नाराजगी जताते हुए ठेकेदार पर एक्शन लेने के निर्देश दिए थे, लेकिन पालिका के जिम्मेदार ठेकेदार को बचा ले गए। बता दें कि यह नाला सड़क के बीच से होते हुए देवहा नदी में जाकर गिरता है, जिसके लिए सड़क को काटा गया है। पहले एकता सरोवर से मंदिर तक का कार्य पूरा किया गया। अब रोडवेज डिपो के पास से आठ दिन पहले सड़क को काटा गया है। ताकि निर्माण कराया जा सके। अभी तक यह कार्य पूरा नहीं हो सका। काम की रफ्तार इतनी सुस्त है कि आठ दिन में काफी काम पूरा हो सका है। आलम यह है कि हल्की बारिश में ही कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन रही है। स्थानीय दुकानदारों, ट्रांसपोर्टरों और आम जनता ने ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। दुकानदारों का कहना है कि निर्माण कार्य की वजह से उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं रोडवेज जाने वाले यात्रियों को अब नौगवां चौराहा या एकता सरोवर होकर बस पकड़नी पड़ रही है, जिससे अतिरिक्त समय और मेहनत लग रही है। इधर, रोडवेज डिपो को भी परेशानी हो रही है। नगरपालिका ने शहर की जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 22 नालों के निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी थी। 20 फरवरी 2024 से 17 मार्च 2025 के बीच इन कार्यों के लिए वर्कऑर्डर जारी किए गए। राज्य वित्त, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, दीनदयाल उपाध्याय योजना और अन्य मदों से कुल 10 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से यह काम कराए जा रहे हैं। अधिकांश निर्माण कार्यों के लिए अधिकतम 180 दिन की समय-सीमा तय थी, लेकिन तय अवधि गुजर जाने के बावजूद कार्य अभी अधूरे पड़े हैं।



एकता सरोवर के पास बैरियर लगाकर बंद किया गया रोडवेज जाने वाला रास्ता।


रोडवेज डिपो के पास से नाला निर्माण के लिए काटी गई सड़क। • अमृत विचार


अधूरा पड़ा नाला निर्माण। • अमृत विचार

### लापरवाही बनेगी समस्या, बारिश में होगी दिक्कत बारिश शुरू होते ही जलभराव तय

मौसम विभाग ने 24 जून से जनपद में मानसून के आगमन की संभावना जताई है। ऐसे में अगर समय रहते नाला निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया, तो जलभराव की स्थिति बनना तय है। शहर के कई अन्य हिस्सों में भी निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं, जहां मानसून के दौरान दिक्कतें खड़ी कर सकती है। नाला निर्माण के साथ ही नाला सफाई का काम भी ठीक से नहीं हुआ है। नगरपालिका द्वारा शहर के 28 नालों की सफाई करीब 32 लाख रुपये की लागत से कराई जा रही है। मगर बीते दिनों एडीएम ऋतु पुनिया के निरीक्षण में कई स्थानों पर सफाई कार्य में गंभीर खामियां मिली थीं। कुछ नालों की तो दोबारा से सफाई कराई जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# ई-स्टांप वेंडर के चैंबर से 2.75 लाख रुपये और सामान रखा बैग चोरी

## पूरनपुर तहसील परिसर में दिनदहाड़े हुई वारदात, जुटी रही लोगों की भीड़

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** ई-स्टांप वेंडर का नकदी और अन्य सामान रखा सामान दिनदहाड़े तहसील परिसर स्थित कार्यालय से चोरी हो गया। चोरी का शोर मचते ही अधिवक्ता समेत तमाम लोग जमा हो गए।इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हालांकि कोई खास क्लू नहीं मिल सका है। पीड़ित वेंडर ने अधिवक्ताओं संग कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहल्ला रजागंज के रहने वाले शान मोहम्मद ई स्टांप विक्रेता हैं। तहसील परिसर में ही उनका चैंबर बना हुआ है। रोज की तरह मंगलवार सुबह वह अपने चैंबर में कामकाज कर रहे थे। परिसर में ही रखी मेज पर उनका बैग रखा हुआ था। जिसमें 2.75 लाख रुपये, 84 रंगीन सीट और टिकट रखे हुए थे। चैंबर में रखे खोखे में उनका बेटा प्रिंटर मशीन ठीक कर रहा था। अपनी कुर्सी से उठकर वह कुछ देर के लिए प्रिंटर मशीन की जानकारी करने लगे। इस बीच मेज पर रखा नकदी और सामान रखा बैग लेकर कोई भाग गया। वापस कुर्सी पर आने के बाद बैग नदारद मिलने पर उनके होश उड़ गए।

उन्होंने चेंबर में बैठे लोगों से बैग के बारे में पूछा लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। स्टांप विक्रेता के चैंबर नकदी भरा बैग गायब होने का शोर मचते ही काफी लोग जमा हो गए। कई अधिवक्ता मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की गई। मगर आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चल सका।



पूरनपुर तहसील में घटना के बाद लगी भीड़। • अमृत विचार

● पुलिस ने मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी, छानबीन में जुटी

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। घटना की जानकारी की गई है। सुरागरसी की जा रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।
> – **सत्येंद्र कुमार**, कोतवाल पूरनपुर

### सीसीटीवी की मदद से पुलिस लगा रही सुराग

नकदी सामान रखा बैग दिनदहाड़े तहसील परिसर से चोरी होने पर खलबली मची रही। तमाम अधिवक्ता जमा हो गए थे और घटना पर नाराजगी जता खुलासे की मांग की। चोरी करने वाले तक पहुंचने के लिए खुद भी कई जगह तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस अब आरोपी का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। तहसील के बाहर के रास्तों पर प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज भी पुलिस चेक कर रही है।

# व्यापारियों ने अधिवक्ताओं का किया स्वागत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने मंगलवार को प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सक्सेना, महासचिव सुशील सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, उमाशंकर सक्सेना का मालाएं और पटका पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

इस दौरान संजय सक्सेना ने कहा कि जर्जर हो चुके तहसील भवन को जल्द बनवाया जाएगा। समर वीर सिंह ने गरीब असहाय व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ताओं से सहयोग देने की बात कही। उपाध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि शहर मे जर्जर हो चुकी सड़कों की मरम्मत कराने की जरूरत है। उमाशंकर सक्सेना ने ट्रेनों की बढ़ोतरी कराने की बात कही। अन्य कई अधिवक्ताओं और व्यापारियों ने भी अपने विचार रखे।

लम्बी बीमारी से स्वास्थ्य होने के बाद पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. विनोद तिवारी का सभी ने हाल जाना। इस दौरान विनोद तिवारी द्वारा पूर्व में दी गई सेवाओं की चर्चा की गई। इस दौरान कस्बे की समस्याओं को भी रखा गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना, व्यापार मंडल अध्यक्ष जाहिद खान, सर्राफा संघ अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, दीपक अग्रवाल, विजयपाल सिंह विक्की,अजय खंडेलवाल, सुशील सक्सेना, बलजीत सिंह खैरा, अशोक खंडेलवाल, सर्वेश गुप्ता, संजय पाण्डेय, सुरेन्द्र अग्रवाल, राहुल जायसवाल, सुनील आर्य, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी व अन्य। • अमृत विचार

# 2854 मृतकों के खाते में जा रही थी पेंशन, 85 अपात्र उठा रहे लाभ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● सत्यापन में मामला पकड़ में आने के बाद मृतकों व अपात्रों को सूची से हटाया

**अमृत विचार:** जिले में ढाई हजार से ज्यादा वृद्धावस्था पेंशन के ऐसे लाभार्थी मिले हैं, जो दुनिया छोड़ चुके हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से कराए गए सत्यापन में यह आंकड़ा सामने आया है। इसके अलावा 85 ऐसे लाभार्थी पाए गए हैं, जो योजना के तहत पात्र ही नहीं हैं। अब उन सबसे रिकवरी की जाएगी।

समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बीपीएल आय सीमा के अंतर्गत बुजुर्गों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से तिमाही दी जाती है। इधर योजना का लाभ वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही पहुंच सके, इसको लेकर नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य कराया गया। सत्यापन की जिम्मेदारी शहरी क्षेत्रों में सभी उप जिलाधिकारियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारियों को दी गई थी। इधर जनपद में 81384 बुजुर्ग लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। कराए गए सत्यापन के दौरान जिले में 2854 लाभार्थी ऐसे मिले, जिनकी मृत्यु हो चुकी है लेकिन उनके खाते में पेंशन की धनराशि लगातार पहुंच रही थी। दूसरी तरफ 85 अपात्र भी मिले हैं। विभाग के मुताबिक सभी मृतकों एवं अपात्रों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। वहीं अपात्रों से रिकवरी की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि सत्यापन रिपोर्ट आने के बाद सभी मृतक एवं अपात्रों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। नए आवदेन करने वालों के नाम सूची में शामिल करते हुए शासन को भेजे जाएंगे।

# राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए प्राचार्य सुधीर शर्मा आमंत्रित

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को उत्तर प्रदेश उत्तराखंड आर्थिक संघ (यूपीया) का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। उसके सदस्यों ने प्राचार्य डा.सुधीर कुमार शर्मा से मुलाकात कर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी उत्तराखंड में लचीले भारत के लिए सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने विषय पर 27 जून से होने वाले 21वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का निमंत्रण पत्र दिया।

प्रतिनिधि मंडल ने उनसे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा की। इस सम्मेलन में भारत के कई राज्यों से 500 से अधिक शोध पत्रों का पढ़ा जाएगा। अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में नीति आयोग के आर्थिक परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर महेंद्र देव, प्रोफेसर रवि श्रीवास्तव, एके सिंह, एसपी सिंह, पीके घोष, कांफ्रेंस प्रेसिडेंट मनमोहन कृष्णा मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल में महासचिव विनोद कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव एसके लाल, सरिता द्विवेदी आदि मौजूद रहीं।


प्राचार्य सुधीर शर्मा को आमंत्रण पत्र सौंपते प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। • अमृत विचार

# पुलिस ने वापस दिलाए ठगी के रुपये

**पूरनपुर, अमृत विचार:** थाना हजारा के गांव कबीरगंज बल फार्म के फॉर्मर मेरा सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ऑनलाइन खरीदारी की थी। इस दौरान एक साइबर ठग ने उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। ठग ने मेरा सिंह के बैंक खाते से 41 900 रुपये निकाल लिए थे। मामले की शिकायत साइबर सेल से की गई। साइबर सेल ने मामले को थाना हजारा को स्थानांतरित कर दिया। हजारा पुलिस ने खाते से निकाली गई धनराशि मेरा सिंह को वापस दिला दी। थाने बुलाकर मेरा सिंह को इसकी जानकारी दी गई तो वह खुश हो गए। एसओ अमित कुमार ने बताया कि मेरा सिंह साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। शिकायत पर उनके खाते में धनराशि वापस करा दी गई है।

# एडीजे ने जेल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश


निरीक्षण के बाद जिला कारागार से बाहर आते अपर जिला जज सुनील कुमार।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव एवं अपर जिला जज सुनील कुमार ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को संबंधित समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अपर जिला जज दोपहर में जिला कारागार पहुंचे। यहां उन्होंने बैरकों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बैरकों में बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जेलर संजय राय को निर्देश दिया। उन्होंने बंदियों को मिलने वाले भोजन के बारे में भी जानकारी ली। पाया गया कि कारागार में ऐसे बंदी भी है, जिनकी जमानत हो गई है, लेकिन जमानतदार नही है। इस संबंध में अपर जिला जज ने जेलर को निर्देश दिए कि पत्राचार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करायें, ताकि बंदियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

# नगर पालिकाध्यक्ष के ससुर के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदनाएं

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगरपालिकाध्यक्ष शशि जायसवाल के ससुर एवं भाजपा नेता अमन जायसवाल के पिता त्रिलोकीनाथ जायसवाल का मंगलवार को निधन हो गया। वह 62 साल के थे। बिलसंडा स्थित आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को बिलसंडा से बीसलपुर स्थित आवास पर लाया गया। उनके अंतिम दर्शन को बड़ी संख्या में लोग आवास पर पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार समेत कई जनप्रतिनिधियों आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।


त्रिलोकीनाथ जायसवाल

## सार-संक्षेप

### दूसरे दिन भजन संध्या व सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु



**पीलीभीत, अमृत विचार :** नकटादाना चौराहा के पास स्थित श्री साई धाम मंदिर का 16वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा और पालकी यात्रा निकाली गई थी। दूसरे दिन मंगलवार को सुबह दस बजे से भजन संध्या आयोजित की गई।जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। बाबा का भजन कीर्तन किया। इसके बाद शाम छह बजे से सुंदरकांड पाठ कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और सुंदरकांड पाठ किया। आज अंतिम दिन सुबह सात बजे कांकड़ आरती, साढ़े आठ बजे हवन, साई बाबा का महाभिषेक, पंचमुखी हनुमान और नवग्रहों का पूजन कराया जाएगा। दोपहर 12 बजे आरती के बाद भंडारा होगा। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह कठियार, पंकज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रेम गंगवार, अनिल वर्मा, पुजारी रवि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### मनुष्य के जीवन में पौधों का सर्वाधिक महत्व



**संवाददाता, बिलसंडा अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई की ओर से मंगलवार को महिला विंग्स कमेटी के नेतृत्व में कई स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जिसमें कई छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए गए। व्यापार मंडल नगराध्या मंडल के अध्यक्ष अवनीश जायसवाल,पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, क्रान्तिकारी विचार मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता मुकेश सक्सेना की अगुवाई में महिला विंग्स कमेटी की अध्यक्ष शिवानी जायसवाल,सोनी जायसवाल ने महिला सदस्यों संग गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज,ब्रह्मदेव स्थल,खदनिया बाबा देवस्थल, बंडा रोड पर पेट्रोल पंप के आसपास पौधरोपण किया। लीची,जामुन,आम,अमरूद पीपल आदि के पौधे रोपित किए गए। शिवानी जायसवाल ने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीने के लिए भोजन की जरूरत है,उसी प्रकार वृक्षों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। इसके बिना हम जीवन यापन नहीं कर सकते। प्रत्येक इंसान को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में गोल्डी, तनु, सुहानी, शुभी,डाली, दीक्षा, नैना, पूनम, प्रीति जायसवाल, वर्षा गंगवार, संजू वर्मा, रूबी अग्रवाल, अंजलि, अर्चना, चांदनी, दीपा, मनीषा, रीना, काजल, साधना, सोनी आदि मौजूद रहीं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

एक नजर

### टॉप टेन सूची के अपराधियों की इंस्पेक्टर ने लगाई क्लास

**मैगलगंज, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने लूट, चोरी, नकबजनी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त और निगरानी सूची में शामिल टॉप टेन के 10 अपराधियों को थाने में तलब किया और उनकी क्लास लगाई। चेतावनी दी गई कि यदि किसी भी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए गए तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए कि जब कोई अपराधी थाना क्षेत्र से बाहर जाए तो सूचना कोतवाली को देना अनिवार्य होगा। वापस आने पर भी वह सूचना देगा। इसके बाद सभी की पहचान का सत्यापन कराया।

### आज आएंगे जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सूबे के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल बुधवार दोपहर 12:30 बजे जिला सहकारी बैंक सभागार में आपातकाल के 50वें साल पर आयोजित प्रदर्शनी, सेमिनार में शामिल होंगे। इसके बाद तीन बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई, कैनाल से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में गोला खुटार मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में जनपद पीलीभीत के गजरौला निवासी गगन (35) पुत्र अवतार सिंह और जटपुरा गांव निवासी वीरेंद्र (22) पुत्र मेवाराम घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उन्हें छुट्टी दी गई।


# सेवादार की मौत, किसी को नहीं पड़ता फर्क

## कॉरिडोर निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था कर रही काम, शिव मंदिर में हरपाल की करंट से मौत का जिम्मेदार कौन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** पौराणिक शिव मंदिर में सेवादार हरपाल की बिजली करंट से मौत मामले को सिर्फ एक हादसा करार दे दिया गया है, जबकि दो मासूमों के साथ पत्नी लापरवाही का आरोप लगाते हुए दूसरे दिन भी बिलखती रही। परिजनों की भी कोई सुनने वाला नहीं है। हालांकि पुलिस और बिजली विभाग के अफसर जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें घटना स्थल के पास ही बिजली का बोर्ड और तार पड़ा मिला। बहरहाल, इस हादसे और लापरवाही को लेकर मामला सवालों में है।

नगर से सटे मोहल्ला लाल्हापुर निवासी 45 वर्षीय दलित हरपाल पौराणिक शिव मंदिर में 25 वर्षों से सेवादार थे। वह मंदिर की साफ सफाई और पूजन में सहयोग करते थे। सोमवार की सुबह शिव मंदिर खुलने पर आरती के बाद करीब छह बजे हरिपाल मंदिर के सामने पानी की टोटियों पर जल लेने गए, जहां नंगा तार होने से उन्हें करंट लग गया था। सीएचसी ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंची पत्नी और परिवार वाले लापरवाही का आरोप लगाते रहे, लेकिन मौके पर मौजूद कोतवाल, सीओ समेत प्रशासनिक अफसरों ने अनसुना कर दिया। पत्नी ने पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया था, लेकिन काफी मान मनौव्वल के बाद परिजन राजी हुए। शव का पोस्टमार्टम तो करा दिया गया, लेकिन अब पुलिस का यही कहना है कि मौत का कारण इलेक्ट्रिक शॉक आया है। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर सभी ने चुप्पी साध ली है। पत्नी ज्योति मंगलवार को भी बिलखकर एक ही बात बार बार कह रही थी कि बिजली के नंगे तार फैले पड़े थे। यदि हटा दिए गए होते तो उनका पति जिंदा होता। परिजनों का कहना है कि बोर्ड बिजली सप्लाई वाले तार को किसने छोड़ा, इस पर जांच हो तो सच्चाई सामने आ जाएगी। उधर, पुलिस और प्रशासन का बिजली के तारों की ओर ध्यान तक नहीं है, जबकि बिजली विभाग के अधिकारियों ने प्राइवेट कनेक्शन के फैलाए गए तारों को भी हटवा दिया है। बहरहाल, मंदिर के सेवादार की मौत से किसी को फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा है। शायद, यही वजह है कि इलेक्ट्रक शॉक बताकर पल्ला झाड़ लिया गया प्रतीत होता है।


शिव मंदिर में इस टंकी के पास फैले तार से लगा था करंट।

### प्राइवेट लाइन के हादसे पर बिजली विभाग नहीं देता क्लेम

पॉवर कारपोरेशन के एसडीओ नीलाक्ष मनोस ने बताया कि मंदिर परिसर में पानी की टंकी के पास बिजली का मोटर चलाने के लिए कनेक्शन है। प्राइवेट रूप से तार फैलाए जाने पर हुए हादसे पर बिजली विभाग से कोई क्लेम देने का प्रावधान नहीं है।


मृतक हरपाल।

> मंदिर परिसर में हुआ हादसा दुखदायी है। वह पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ हैं। जो भी संभव होगा, आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।
> –अमन गिरि, विधायक गोला।



### संजीदा हो प्रशासन, 15 दिन बाद सावन मेला

नगर वासियों का मानना है कि 15 दिन बाद सावन मेला शुरू होने वाला है। लापरवाही किसी की हो, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि भीड़भाड़ वाले इलाके में सतर्कता बरतनी चाहिए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि हादसा अत्यंत करुणादायक है। उन्हें पीड़ित परिवार से पूरी सहानुभूति है। सुरक्षा की दृष्टि से कनेक्शन हटवा दिया गया है। अब मंदिर परिसर के पीछे लगे हैंडपंप और टोंटी से पानी की व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही मोटर चलाने की नई वायरिंग कराकर लाइन डलवाई जाएगी।

### दहाड़े मारकर रोती है हरपाल की पत्नी

हरपाल की मौत के बाद जो भी सहानुभूति में उनके घर पहुंचता है तो पत्नी ज्योति दहाड़े मारकर रोने लगती है। उसका कहना है कि दोनों पुत्र ओम (5) और अजीत (4) की अब परवरिश कैसे होगी। हालांकि घर पर मौजूद हरपाल के ससुर राजेश कुमार निवासी सुहेला ढांढस बंधाने का प्रयास करते हैं, लेकिन उनकी भी माली हालत ऐसी नहीं है कि वह अपने परिवार के साथ हरपाल के परिवार की जिम्मेदारी उठा सकें।

### टूट गया है परिवार


हरपाल की मौत से परिवार टूट गया है। अब उनके यहां कोई कमाने वाला नहीं है, जिससे पत्नी ज्योति को परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है। पुलिस ने सोमवार को ही मौके पर पहुंचकर नक्शा नजरी बनाया था।

### कोतवाली में चौकीदार थे हरपाल

लाल्हापुर निवासी हरपाल के पिता नरायनलाल चौकीदार थे। परिवार वालों ने बताया कि उनके पिता की मौत के बाद मृतक आश्रित में हरपाल को चौकीदारी मिल गई थी। हरपाल सुबह और शाम पौराणिक शिव मंदिर की साफ-सफाई करने के बाद अपनी चौकीदारी भी करते थे।

> सेवादार हरपाल के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह इलेक्ट्रिक शॉक से होना बताई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। यदि परिजन मामले में कोई तहरीर देते हैं तो उस पर भी जांच की जाएगी।
> –गवेंद्रपाल गौतम, सीओ- गोला

# नगर को बिजली कटौती से रखा जाए मुक्त


गोला में एसडीओ को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता बिजली वितरण खंड द्वितीय को संबोधित ज्ञापन एसडीओ को देकर नगर में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीओ नीलाक्ष मनोस को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि नगर में लोकल फाल्ट के नाम पर कई घंटे की कटौती की जा रही है। रोस्टर के अतिरिक्त भी कटौती हो रही है। उन्होंने नगर को निर्वाध रूप से बिजली दिए जाने की मांग करते हुए कहा है कि नगर के प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर टीपीएमओ की व्यवस्था कराई जाए ताकि लोकल फाल्ट के नाम पर पूरे फीडर की सप्लाई बाधित न हो। ज्ञापन में पदाधिकारियो ने नगर को विद्युत आपूर्ति कितने घंटे मिलती है, प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर टीपीएमओ लगवाने में क्या व्यवस्था की गई है, प्रतिदिन कौन से फीडर पर कितने घंटे कटौती की गई, आदि बिंदुओं पर तीन दिन में जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। तीन दिन में इन बिंदुओं की जानकारी उपलब्ध न कराने पर संगठन अधिशासी अभियंता कार्यालय पर आंदोलन को विवश होगा। ज्ञापन देते समय नगर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्रा, कोषाध्यक्ष पंकज हालन, महामंत्री संजय अवस्थी, कैलाशचंद्र गुप्त, मनोज जायसवाल, मुस्ताक अली आदि मौजूद रहे।

एसडीओ नीलाक्ष मनोश ने बताया कि प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर टीपीएमओ लगवाना बड़ा काम है, जिसके लिए फंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल व्यापार मंडल की मांग उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी, वहां से जो भी निर्देश होंगे वैसा किया जाएगा।

# जिले में एक जुलाई से चलेगा विशेष संचारी रोग अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● दस्तक अभियान में घर-घर जाकर किया जाएगा जागरूक
● डीएम ने 205 आशा व 16 संगिनी के पद भरने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** जिले में एक बार फिर एक जुलाई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। इसके लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने अभियान को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा कर रिक्त आशा व संगिनी के पद भरने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। जबकि 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तैयारियों की समीक्षा कर वेक्टर जनित, संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर नियंत्रण को लेकर तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, शिक्षा, पशुपालन, बाल विकास, कृषि व सिंचाई आदि विभाग के अधिकारियों को जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक अभियान का संचालन करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि 11 जुलाई से दस्तक अभियान चलेगा। इसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर संभावित रोगियों की पहचान कर लोगों को जागरूक करेगीं। इस पर डीएम ने जिलें में रिक्त 205 आशा व 16 संगिनी के पदो शीघ्र भरने के निर्देश देकर पोर्टल फीडिंग रोजाना करने के लिए निर्देशित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने आरसीएच, जन्म-मृत्यु पंजीकरण व आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। बैठक में सीएमएस डॉ आरके कोली, डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी एवं डॉ. धनीराम, डॉ. प्रमोद वर्मा, डीपीएम अनिल यादव, डैम सतपाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद एवं सभी बीडीओ, एमओआईसी, सीडीपीओ मौजूद रहे।



विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

### इन आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

डीएम ने भारत सरकार की नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड की ओर से अंबुपुर, खरवाहिया, संसारपुर, अदलीशपुर व भौवापुर को प्रमाण पत्र मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त कर अन्य केंद्रों के प्रभारियों को इनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा।

### इन सीएचसी पर हो रहे सिजेरियन प्रसव

सीएमओ ने बताया कि जिला महिला अस्पताल के अलावा सीएचसी पलिया, गोला, मितौली, मोहम्मदी और निघासन में ऑपरेशन से प्रसव होने शुरू हो गए हैं। वहीं धौरहरा सीएचसी पर इसकी शुरूआत का प्रयास जारी है।

# बारिस से गर्मी में मिली थोड़ी राहत

**रोशननगर, अमृत विचारः** क्षेत्र मे मंगलवार दोपहर बाद हुई बारिस से गर्मी से राहत मिली है। बारिस से फसल को भी लाभ हुआ है। देखा जाए तो रोशननगर में सफाई का नाम ही नही, नाली चौक पड़ी होने से खड़ंजे पर पानी भर गया, जिससे लोगो निकले में दिक्कत हुई। सफाई कर्मी गांव में सफाई का नाम ही नही ले रहे हैं, जबकि स्वच्छ भारत अभियान पर सरकार ध्यान दे रही है। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी में वर्षा होने से गन्ने की सिंचाई हो गई है। लोग धान की रोपाई करने की तैयारी में लग गये हैं। वर्षा से तापमान में गिरावट आई है।

# हल्की बारिश में सड़क व गलियां जलमग्न

संवाददाता, पलिया कलां


पलिया की एक सड़क पर वर्षा के बाद भरा पानी।

**अमृत विचार :** नगर में कई दिन से निकल रही कड़ी धूप के साथ पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मंगलवार दोपहर हुई हल्की बारिश में ही नगर की कई प्रमुख सड़कें व गलियां पूरी तरह से जलमग्न हो गईं। हालांकि इस बीच तापमान में गिरावट से लोगों ने राहत महसूस की।

इन दिनों सबसे खस्ताहाल और अधिकतम गड्ढों वाली माल गोदाम रोड, सीओ ऑफिस से प्राथमिक पाठशाला जाने वाले मार्ग, मोहल्ला रंगरेजान की लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से झुकी डाल वाले पीपल तक की रोड, विधायक निवास के निकट दुधवा रोड को मिलाने वाली सड़क तथा मोहल्ला माहीगिरान व इकराम नगर की कई गलियों में हल्की बरसात में पानी भर गया। राहत की बात यह रही की पानी गिरने से तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को घंटों गायब रह रही बिजली के कारण गर्मी में पसीना बहाने से कुछ देर छुटकारा मिला।

# सुबह बारिश ने दिलाई राहत, दोपहर बाद धूप बनी आफत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उमस वाली गर्मी से परेशान लोगों के लिए मंगलवार सुबह राहत भरी रही। आसमान में छाए बादलों ने अचानक बरसना शुरू कर दिया। हवाओं के साथ हुई बारिश ने नगरवासियों को कुछ देर के लिए गर्मी से राहत दिलाई।

मगर, दोपहर बाद निकली धूप ने फिर से व्याकुल कर दिया। सुबह के समय बरसात होने से अधिकतम तापमान, जहां 35 डिग्री सेल्सियस तो दोपहर में धूप निकलने के बाद अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, जबकि और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले कई दिनों से उसम वाली गर्मी जिलेवासियों को परेशान कर रही है। हालांकि कभी कभार होने वाली बारिश कुछ देर के लिए राहत जरूर देती है, लेकिन बाद में निकल रही तेज धूप फिर से पसीना पसीना कर व्याकुल करना शुरू कर देती। शनिवार की रात भर शहर में बारिश होने से मौसम जहां सुहावना रहा तो वहीं दिन में निकली धूप ने फिर से उमस बढ़ा। यही हाल सोमवार को भी रहा। हालांकि बादलों की आवाजाही लोगों को राहत पहुंचाती रही। मगर, मंगलवार की सुबह अचानक आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर बाद तेज हवाओं के साथ बरसना शुरू कर दिया। करीब आधे से एक घंटे तक हुई कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश ने शहरवासियों को गर्मी से राहत पहुंचाने का काम किया। हालांकि कुछ इलाकों में ही बारिश हुई, जिससे उमस और बढ़ गई।


बारिश से बचने के लिए सिर पर झोला रखकर जाती महिला। ● अमृत विचार

यादें | इमरजेंसी के 50 साल : यातनाओं के दिनों को याद कर सिहर उठते हैं लोग

# आपातकाल के खौफ से अब भी दहलता है दिल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः 25 जून 1975 की आधी रात को देश में आपातकाल लगा दिया गया था। अखबारों पर सेंसर लगाकर मीसा और डीआईआर जैसे कानूनों के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कांग्रेस विरोधी दल के लोगों को जेल भेज दिया गया। बहुत से लोगों को यातनाएं दी गईं, नो वकील, नो दलील के सिद्धांत पर लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया, प्रस्तुत है इमरजेंसी के पीड़ितों का दर्द ....

### पुलिस की लाठियों की मार से अब भी कराह उठते हैं!



नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी 80 वर्षीय रामशिव तिवारी ने बताया कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे। इमरजेंसी में वह गंगसरा जिला शाहजहांपुर में अपनी बीमारी का इलाज करवा रहे थे। 29 जुलाई 1975 को पुलिस वहां पहुंची और उन्हें बीमार हालत में ही जीप में लादकर गोला ले आई और घर में घुसकर पूरे घर की तलाशी लेकर उनके साथ मारपीट करने लगी। जब उनकी पत्नी उन्हें बचाने के लिए आईं तो दरोगा ने उन्हें भी नहीं बख्शा, जिससे उन्हें गर्भपात हो गया। पुलिस ने उन्हें गोला की बाजार में पर्चा बांटने का आरोप लगाकर जेल भेज दिया। जेल में वह 15 दिन तक अस्पताल में रहे, छह महीने के बाद जेल से रिहा हुए। उनके दाहिने पैर और हाथ की कोहनी में आज भी पीड़ा उठती है और सुन्नपन बना रहता है।

### घर से पकड़ा, मरघट में भाषण देते दिखाया



मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त ने बताया कि उनके पिता महेंद्र कुमार गुप्त वैद्य बीआईएमएस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील संघ चालक थे। एक दिन शाम को पिताजी को पुलिस क्लीनिक से थाने पकड़ ले गई और घर में तलाशी लेकर मरघट में भाषण देने का आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया तो घर की आर्थिक स्थिति डगमगा गयी। दोनों भाई फेल हो गए, पिताजी जेल में बीमार हो गए, इलाज की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई। छह महीने तक कोई सुनवाई नहीं हुई बाद में बमुश्किल रिहाई हुई तो घर आने पर इलाज करवाया गया तो काफी समय बाद स्वस्थ हुए।

### पुलिस ने पैरों पर चलाया रोलर



लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय प्रेमचंद गुप्त के पुत्र नवनीत ने बताया कि उनके पिता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ता थे। इमरजेंसी में पुलिस उनके पिता को घर से पकड़ ले गई और थाने में पैरों पर लकड़ी का रोलर चला दिया। घटना देखकर उनके छोटे भाई ज्ञानचंद का खून खौल उठा। उन्होंने दरोगा को उठाकर जमीन पर पटक दिया, फिर क्या था पुलिस ने दोनों की निर्मम पिटाई कर जेल भेज दिया। पैरों पर रोलर चलाने के कारण उनके पिता अपने जीवन काल में कभी भी ठीक से चल नहीं सके। नवनीत कहना है कि यातनाएं झेलने के बावजूद लोकतंत्र सेनानियों के परिवार को कुछ नहीं मिला। उनकी मांग है कि स्वतंत्रता सेनानियों के पुत्र, पुत्री, पौत्र ,पौत्री को उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए आरक्षण दिया गया है उसी प्रकार लोकतंत्र सेनानियों के पुत्र, पुत्री, पौत्र, पौत्री के लिए आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए।

### छात्र नेता थे, इसलिए पुलिस ने मीसा में भेजा जेल



मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सुभाष चंद्र छाबड़ा एडवोकेट इमरजेंसी में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री थे। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के समर्थक थे। इसलिए लखनऊ पुलिस ने उनको मीसा में जेल भेज दिया। परिवार उनकी जमानत के लिए लखनऊ दौड़ता रहा, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आपातकाल समाप्ति के बाद ही वह जेल से रिहा हुए। उनका कहना है कि मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के शुक्रगुजार हैं जो उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के लिए पेंशन और मृत्यु उपरांत सम्मान की व्यवस्था की। केन्द्र प्रदेश में भाजपा सरकार होने के बावजूद लोकतंत्र सेनानियों की सुध नहीं ली जा रही है। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने देश भर में आयोजन कर जनता को संविधान का गला घोंटने की जानकारी देने, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने घोषणा की है।

### आपातकाल में बंटता रहा जनता समाचार



आपातकाल में सरकार ने अखबारों पर सेंसरशिप लागू कर दी थी। इसलिए विपक्ष के उत्पीड़न के समाचार नहीं मिल पाते थे। इमरजेंसी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लखीमपुर जिले के जिला प्रचारक हरनाथ सिंह भूमिगत हो गए थे। वह अपनी पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता धोती उतारकर पैंट, शर्ट, टाई, जूते, मोजे पहनकर काला चश्मा लगाकर मॉडर्न बन गए और राजेंद्र अग्रवाल के नाम से जाने जाने लगे। उस समय अखबारों में सेंसर लगा था आपातकाल संबंधी खबरों और विपक्षियों के उत्पीड़न की खबर प्रकाशित करने पर प्रतिबंध था तो उन्होंने लखनऊ से जनता समाचार अखबार का प्रकाशन शुरू किया और युवकों, किशोरों, बालकों से संपर्क कर प्रदेश में अखबार का वितरण सुनिश्चित करवाया। नगर में संघ के तहसील संघ चालक महेंद्र कुमार गुप्त के पुत्र लोकेश कुमार गुप्त रात में बंद दुकानों के शटर में जनता समाचार डालते थे।









